

एक नजर में

## नि:शुल्क नेत्र शिविर में 38 मरीजों का परीक्षण



**बड़वानी।** सीएमएचओ डॉ. सुरेखा जमरे और डॉ अनिता सिंगारे के मार्गदर्शन में लगे नेत्र शिविर में जिले के ग्रामीण इलाकों सहित खरगोन और धार जिले से मरीज आंखों की जांच कराने आए थे। क्लब अध्यक्ष कमलेश शर्मा ने कहा कि शिविर में 38 मरीजों का नेत्र परीक्षण कैम्प कोऑर्डिनेटर रविन्द्र टेकाम और डीडीपीएम अनिल राठौड़ ने किया। सिस्टर लक्ष्मी बेगा ने ब्लड प्रेशर और मनोज भगोरे ने ब्लड शुगर की जांच की। महेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि 14 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। 3 मरीजों का ब्लड शुगर अधिक होने से लैंस प्रत्यारोपण नहीं किया जा सकता था। जिसके चलते 11 मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए बस से इंदौर भेजा गया। वहीं 14 मरीज पढ़ने की शिकायत लेकर आए थे, उन मरीजों को चश्मे के नम्बर निकाल कर दिए। मरीजों और उनके परिजनों को लायंस क्लब बड़वानी सिटी द्वारा नि:शुल्क भोजन भी कराया गया। जेआर कनखरे ने आभार व्यक्त किया। आगामी नेत्र परीक्षण शिविर 29 दिसम्बर को आयोजित होगा।

## अंतिम दिवस 4-4 नामांकन पत्र हुए प्राप्त



**पानसेमल।** नगर परिषद के वार्ड 2 एवं ग्राम वांगरा सरपंच पद के उप चुनाव की तारीखें घोषित होने के बाद अधिसूचना प्रकाशन एवं अन्य प्रक्रियाओं के बाद 15 दिसम्बर को निर्धारित समय तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए गए। नाम निर्देशन पत्र वापसी की अंतिम तिथि 18 दिसम्बर रहेगी। एसडीएम एवं नगर परिषद उपचुनाव के रिटर्निंग अधिकारी रमेश सिसोदिया ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर जयतिसिंह के निर्देशन में निर्वाचन प्रक्रिया जारी है। एसडीएम द्वारा नगर परिषद वार्ड 2 में उपचुनाव के लिए 4 नामांकन प्राप्त हुए। जिनमें सलोनी राणा, मेहरून बी पति रहीम, अमिता पति नरेश जोशी, माया देवी पति संजय अग्रवाल ने नामांकन दाखिल किए। वहीं ग्राम पंचायत वांगरा में उप चुनाव के लिए नियुक्त रिटर्निंग अधिकारी सुनील सिसोदिया एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी राजाराम रानाडे ने बताया कि अंतिम दिनांक तक सरपंच पद के उपचुनाव के लिए मौसम्बी बाई पति गंगाराम, सोनिया पिता मोटा खेड़कर, बाली बाई पति दूरसया, कामिनी पति सतिलाल हॉपले 4 नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं। नामांकन पत्रों की जांच कर समीक्षा की जाएगी। 18 दिसम्बर तक अभ्यर्थी नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। नामांकन प्रक्रिया के लिए नगर परिषद में पदस्थ सहायक निर्वाचन अधिकारी संजय शर्मा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं राजनीतिक दलों द्वारा उम्मीदवारों के रायशुमारी के बाद निर्वाचन संबंधी तैयारिया की जा रही हैं। वहीं राजनीतिक दलों द्वारा रायशुमारी के बाद चुनाव की तैयारियां की जा रही है।

# सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का होगा आयोजन

## तैयारी को लेकर हुई बैठक, 1 से 7 जनवरी तक जगन्नाथ पुरी में आयोजन, 1 जनवरी को शोभायात्रा व कलश यात्रा







**सेंधवा, (नवभारत)।** शहर स्थित जगन्नाथ पुरी झंवर कॉलोनी में 1 से 7 जनवरी तक स्वामी श्याम शरण देवाचार्य महाराज निंबार्कधाम सलेमाबाद के पावन मुखारबिंद से 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा होगी। कथा की तैयारियों को लेकर सोमवार को नपा अध्यक्ष बसंती बाई यादव की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में नगर के समाजजन, नागरिक और महिलाएं शामिल हुई। बैठक में कथा आयोजन की रूपरेखा तय की गई। विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई। बैठक में बताया कि प्रथम दिन 1 जनवरी को किला परिसर स्थित श्री राजराजेश्वर मंदिर से भव्य शोभायात्रा और कलश यात्रा निकलेगी। शोभायात्रा राम बाजार, श्याम बाजार, मोतीबाग चौक, संत विनोबा मार्ग, गुरुद्वारा मार्ग से होते हुए कथा स्थल जगन्नाथ पुरी पहुंचेगी। शोभायात्रा में श्रद्धालु, मातृशक्ति और युवा वर्ग शामिल होगा।

विभिन्न समाजबंधुओं ने स्वागत की जिम्मेदारी लेने पर सहमति दी। सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने पुष्पवर्षा, स्वागत द्वार और जलपान की व्यवस्था का आश्वासन दिया। आयोजन समिति के अनुसार प्रतिदिन प्रवचन, भजन-कीर्तन और प्रसादी वितरण होगा। शांति, सुरक्षा, स्वच्छता, पार्किंग और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर दिशा-निर्देश तय किए गए। बैठक में पंडित राधामाधव शर्मा, बीएल जैन, कैलाश एरन, गिरवर शर्मा, गोपाल तायल, बंटी पाटिल, विकास आर्य, बद्रीप्रसाद शर्मा, सुधीर गुले, गणेश राठौड़, प्रेमचंद्र सुराना, डॉ किंशु लालका, ज्योत्सना अग्रवाल, रेखा गर्ग, निशा शर्मा, अंतिम शर्मा, हरचरणसिंह भाटिया, विधायक मोंटू सोलंकी, दिलीप झंवर, गोपाल नाथ, अरुण महाजन, सीएमओ मधु चौधरी ने सुझाव दिए। इस दौरान बसंती बाई यादव, संजय यादव, अरुण चौधरी, संजय यादव, परमानंद अग्रवाल, चतुरु प्रजापति, श्यामसुंदर अग्रवाल, प्रखर शर्मा, चेतन अग्रवाल, राजेश सोनी, नरेंद्र तायल, छोटू चौधरी, अनिल वाघ, सचिन शर्मा, सुरेश गर्ग, सुनील शर्मा, प्रकाश निकुम, राजेंद्रसिंह रघुवंशी, श्रवण मंगल, महेश सोनी, दिलीप कानूनगो, श्याम चौधरी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सुनील अग्रवाल ने किया। आयोजकों ने अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की। नगर में भक्तिमय वातावरण बनने लगा है।

**तय की रूपरेखा**

- बैठक में तय की गई कथा आयोजन की रूपरेखा। विभिन्न व्यवस्थाओं पर की
- गई चर्चा।

## स्वच्छता पाठशाला अभियान चलाया

**बड़वानी।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अन्तर्गत नगर पालिका द्वारा कई जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। नपा के अनुसार गतिविधि स्वच्छता की पाठशाला अभियान चला रहे हैं। वहीं शासन द्वारा जारी कैलेंडर अनुसार 15 दिसम्बर को नपा की आईइसी संस्था ने वार्ड 17 स्थित शामा विद्यालय में स्वच्छता की पाठशाला अभियान आयोजित किया। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले पर्यावरणीय एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों को यह भी समझाया गया कि वे अपने घरों से निकलने वाले कचरे को गीला एवं सूखा घर से ही अलग-अलग करके कचरा संग्रहण वाहन में डालें। साथ ही स्वच्छता अपनाने, प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने और स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित भी किया गया।

# जिलाध्यक्ष ने की जिला कार्यकारिणी की घोषणा

**बड़वानी, (नवभारत)।** जिले में बीजेपी की नई कार्यकारिणी की घोषणा सोमवार को की गई। जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति और प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष-निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा की अनुशंसा से जिलाध्यक्ष ने नवीन कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की। साथ ही विशेष आमंत्रित, स्थाई व आमंत्रित सदस्यों की सूची अलग से जारी की गई है। जिसमें राज्यसभा-लोकसभा सांसद, विधायक, जिले के अन्य जनप्रतिनिधि, पूर्व जिलाध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, पूर्व सांसद-विधायक, उम्मीदवार व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को शामिल किया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नई टीम से संगठन को और मजबूत किया जाएगा व प्रदेश संगठन से प्राप्त कार्यों को मुस्तेदी से कर जमीन स्तर पर उतारा जाएगा। कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई तथा जिले भर में उत्साह का माहौल बन गया है व बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया है।

# सामाजिक परिवीक्षा टोली का जिले में आगमन कल



**नवभारत न्यूज़**
**बड़वानी, 16 दिसम्बर**

देव संस्कृति विश्व विद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार से परिवीक्षा के लिए कन्याओं का 17 दिसम्बर को जिले में आगमन होगा। विद्यालय के प्रति कुलपति डॉ चिन्मय पंड्या ने गुरुदेव, वंदनीया माताजी के आशीष प्रदान कर वर्चुअल परिवीक्षा गोष्ठी में कहा कि विश्व विद्यालय में नई पीढ़ी को सामाजिक ज्ञान के साथ आध्यात्मिक शिक्षा और विद्या देकर लोकसेवी बनाया जाता है। मनुष्य का जीवन देवत्व का स्वरूप है, आवश्यकता है उसे सवारने की निखारने की ओर जागृत करने की। उन्हीं सिद्धांतों को लेकर विद्यार्थियों को समुचित शिक्षा के साथ विद्या देकर होनहार छात्र-छात्राओं को देश के सभी प्रांतों में भेजा जा रहा है।

### सद्ज्ञान को करेंगे प्रसारित

जिला समन्वयक महेंद्र भावसार ने बताया कि कन्याओं की टोली द्वारा जन्म शताब्दी वर्ष में पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के सद्ज्ञान को विद्यालयों में प्रसारित किया जाएगा। व्यसन भारत से भागे, परिवार में आदर्श स्थापित कैसे करे, सामाजिक और नैतिक मूल्य को लेकर विद्यालयों में संस्कार का पाठ पढ़ाया जाएगा। सामाजिक परिवीक्षा समयदान में जागृति साहू, गरिमा नागरे और योगिता मीणा ग्रेजुएशन प्राप्त कर हरिद्वार से एक माह के लिए बड़वानी आ रही हैं। परिवीक्षा जिला समन्वयक गोपाल कृष्ण प्रजापति ने बताया कि केंद्रीय जेल में महिला बंदी वार्ड में शिविर की योजना भी बनाई गई है। समय दान में बेटियां अंजड, सेंधवा, बड़वानी, ठीकरी और वरला तहसील के चयनित ग्रामों में सद विचारों को दिग दिगंत तक पहुंचाने पहुंचाएंगी। मनोज पालीवाल और गायत्री परिजन अपने-अपने क्षेत्रों में निर्धारित कार्यक्रम कराएंगे।

**17 को होगा आगमन**

देव संस्कृति विवि शांतिकुंज हरिद्वार से परिवीक्षा के लिए कन्याओं का 17 दिसम्बर को आगमन होगा।

## महू में बजरंग दल ने निकाला शौर्य संचलन



**महू.** शहर में रविवार को बजरंग दल ने शौर्य संचलन निकाला, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए. संचलन से पहले हाई स्कूल मैदान में एक सभा का भी आयोजन किया गया था. शौर्य संचलन हाई स्कूल मैदान (हरी फटक) से शुरू हुआ, जो छोटा बाजार, फूल चौक, माणक चौक, ड्रीमलैंड चौराहा, मैन स्ट्रीट, कनॉट रोड, कोतवाली चौक, सांघी स्ट्रीट और गर्ल्स स्कूल से होते हुए वापस हाई स्कूल मैदान पहुंचकर समाप्त हुआ. नगर में कई स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर संचलन का स्वागत किया. सभा में बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया. सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पूरे मार्ग पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था. विमल दुबे ने बताया कि बजरंग दल हिंदू समाज में एकता बनाए रखने के लिए समय-समय पर ऐसे आयोजन करता रहता है.

## नारी सम्मान के साथ संयम व मर्यादा जरूरी : साध्वी



**महू.** यहां चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी भास्करानंद महाराज (श्रीधाम वृंदावन-हरिद्वार) की शिष्या साध्वी कृष्णानंद ने कथा वाचन करते हुए समाज को जीवनोपयोगी, नैतिक एवं संस्कारपूर्ण संदेश प्रदान किए. उन्होंने कहा कि नारी का सम्मान होना चाहिए, किंतु नारी को भी स्वयं मर्यादा, संयम और संस्कारों को अपनाकर आदर्श जीवन जीना चाहिए. उन्होंने प्रेरक उदाहरण देते हुए कहा कि जब एक भाई दूसरे भाई से मुकुट उतारता है, वही महाभारत है और जब एक भाई स्वयं मुकुट उतारकर दूसरे को धारण कराता है, वही रामायण है. व्यास पीठ की विधिवत पूजा-अर्चना एवं महाआरती नितिन अग्रवाल, नवीन सैनी, अरविंद बागड़ी, राजेश बंसल, जितिन गोयल, हरि अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, विजय विजयवर्गीय, योगेश अग्रवाल, अनंत बियानी, अशोक गोयल, दिनेश सिवल, गोपाल अग्रवाल सहित अनेक महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं द्वारा की गई. इस अवसर पर विभिन्न समाजों के महिला-पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. श्रीमद् भागवत कथा के प्रमुख परामर्शदाता प्रेमचंद मन्नालाल गोयल के मार्गदर्शन में आगंतुक श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गईं थीं.

# पान की दुकान में पेट्रोल की बॉटल फेंककर आग लगाई

## मामूली विवाद और आपसी रंजिश में मारपीट के मामले भी दर्ज

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर और आसपास के थाना क्षेत्रों में आपसी विवाद, पुरानी रंजिश और सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान हुए झगड़ों ने हिंसक रूप ले लिया. अलग-अलग इलाकों में गाली-गलौज, मारपीट, पथराव, आगजनी और जान से मारने की धमकियों की घटनाएं सामने आई हैं. पुलिस ने सभी मामलों में विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

विजयनगर थाना क्षेत्र के सोलंकी नगर में पारिवारिक विवाद के दौरान तीन आरोपियों ने एक व्यक्ति के साथ गाली-गलौज करते हुए पत्थर मारकर घायल कर दिया. पीड़ित के सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा. बीच-बचाव करने पहुंची पत्नी और रिश्तेदार के साथ भी आरोपियों ने झगड़ा किया. जाते-जाते आरोपियों ने भविष्य में जान से खत्म करने की धमकी दी. वहीं कनाड़िया थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक पान की दुकान को निशाना बनाया. आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर दुकान में पेट्रोल से भरी बोतलें और जलता हुआ डंडा फेंक दिया, जिससे दुकान में आग भड़क गई. आग लगते ही दुकानदार जान बचाकर पीछे के रास्ते से बाहर निकला. पुलिस नेआगजनी और जानलेवा हमले की धाराओं में केस दर्ज किया है.

### शादी में नाचने की बात पर विवाद ने लिया हिंसक रूप

बाणगंगा थाना क्षेत्र में निर्माण कार्य को लेकर चल रहे विवाद में एक युवक ने घर के सामने पहुंचकर गाली-गलौज शुरू कर दी. विरोध करने पर आरोपी ने परिवार के लोगों पर पत्थर फेंके, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई. वहीं सांवेर थाना क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान नाचने की बात को लेकर हुए विवाद ने देर रात हिंसक रूप ले लिया. आरोपियों ने पीड़ित के घर पहुंचकर गाली-गलौज करते हुए थप्पड़-घूंसे और लकड़ी के डंडे से मारपीट की. इस दौरान एक महिला के हाथ की उंगली में काटने से चोट आई, जबकि पीड़ित के नाक में गंभीर चोट लगने से खून बहने लगा. जाते समय आरोपियों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी मामलों में आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है. घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया है और हालात को देखते हुए संबंधित इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी गई है.

## चोरों ने किया बैंक में सेंध लगाने का प्रयास

### सूने मकानों से जेवर-नकदी पर किया हाथ साफ

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं सामने आई हैं. कहीं गोल्ड लोन बैंक में सेंध लगाने का प्रयास किया, तो कहीं सूने मकान का ताला तोड़कर जेवर और नकदी चोरी कर ली गई. पुलिस ने सभी मामलों में विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

विजयनगर थाना क्षेत्र में सिक्का स्कूल रोड स्थित एक गोल्ड लोन बैंक में अज्ञात बदमाशों ने रात के समय चोरी का प्रयास किया. आरोपियों ने बैंक के बाहर लगे गेट के ताले तोड़कर परिसर में घुसने की कोशिश की और चैनल गेट का ताला तोड़ने का प्रयास किया. हालांकि चोर नाकाम रहे. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है. इसी तरह लसूड़िया थाना क्षेत्र के ओमेक्स सिटी फेस-1 में एक सूने मकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया. फरियादी के अनुसार, चोर घर का ताला तोड़कर भीतर रखे सोने-चांदी के सिक्के और जेवरात चोरी कर ले गए. घटना के समय परिवार घर पर मौजूद नहीं था. वहीं द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के गुमास्ता नगर में अज्ञात बदमाशों ने एक मकान के मुख्य गेट का नकुचा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और कीमती घड़ियों के साथ नकदी चोरी कर ली. घटना के बाद फरियादी ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस द्वारा सभी मामलों में अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है.

# पतंग उड़ाते हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया मासूम

## हालत गंभीर, एमवाय में इलाज जारी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. रविवार सुबह जीएनटी मार्केट क्षेत्र में दर्दनाक हादसा हो गया. छत पर पतंग उड़ा रहा आठ साल का बच्चा हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया. परिजन उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है.**

जानकारी के अनुसार गुड़िया नाम का बच्चा अपने परिवार के साथ जीएनटी मार्केट इलाके में रहता है. सुबह वह घर की छत पर पतंग उड़ा रहा था. इसी दौरान छत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से उसका संपर्क हो गया और वह झुलस गया. परिजन उसे पहले जिला अस्पताल लेकर पहुंचे.

परिजनों का आरोप है कि जिला अस्पताल में इलाज के दौरान अव्यवस्थाएं सामने आईं. बच्चे को वार्ड तक ले जाने के लिए स्ट्रेचर तक उपलब्ध नहीं कराया और परिजनों को उसे गोद में उठाकर ले जाना पड़ा. बाद में डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताते हुए एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया. जहां उसका इलाज किया जा रहा है.

# नायलॉन मांझे पर सख्ती, एमजी रोड क्षेत्र में छह दुकानों पर कार्रवाई





**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. त्योहारों के मद्देनजर प्रतिबंधित नायलॉन मांझे की बिक्री पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है. एमजी रोड थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम पुलिस ने अलग-अलग इलाकों में कार्रवाई करते हुए छह दुकानों से मिक्स नायलॉन मांझा बेचते पकड़े गए कारोबारियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए हैं.**

एमजी रोड थाना प्रभारी विजय सिंह सिसौदिया ने बताया कि पतंग और मांझे की दुकानों पर प्रतिबंधित नायलॉन मांझे की बिक्री की लगातार शिकायतें मिल रही थीं. इसी के चलते पुलिस टीमों ने काछी मोहल्ला और मेवाती मोहल्ला क्षेत्र में एक साथ दबिश दी. कार्रवाई के दौरान काछी मोहल्ला स्थित एक पतंग दुकान से मिक्स नायलॉन मांझा बेचते हुए गणेश मोरे को पकड़ा. इसी इलाके में मेहराब हुसैन के यहां से भी नायलॉन मांझे की बिक्री पाए जाने पर मामला दर्ज किया.

वहीं मेवाती मोहल्ला क्षेत्र में पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की. यहां अयान मेव, नफीसा मेव, साकीला बी और तबसूम मेव के पास से मिक्स नायलॉन मांझा बिक्री के लिए रखा मिला. सभी मामलों में पुलिस ने मौके पर ही मांझा जब्त कर संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया.

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नायलॉन मांझा न सिर्फ प्रतिबंधित है, बल्कि इससे राहगीरों, पक्षियों और वाहन चालकों को गंभीर चोट जान का खतरा बना रहता है. आगे भी ऐसे कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी.

एक नजर में ▸ दफ्तरों और अधिकारियों के काट रहे चक्कर, फिर भी नाम नहीं जोड़े जा रहे

# कई योजनाओं से हितग्राहियों के अचानक काट दिए गए नाम




**इंदौर.** एक तरफ सरकार द्वारा विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की सफलता का ढिंढोरा पीटा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर इन योजनाओं से कई हितग्राही वंचित हैं. किसी को लाभ अब तक नहीं मिला तो किसी को योजना पात्रता से बाहर कर दिया गया है.

केंद्र एवं राज्य सरकार की पेंशन एवं लाड़ली बहना योजना देश में एक साकार योजना है जिसका लाभ करोड़ों हितग्राही उठाते आ रहे हैं. सही हाथों में पैसा पहुंचे इसके लिए बड़ी जांच पड़ताल की गई. सर्वेकर्ता या अधिकारियों की कुछ गलतियों के चलते इस कार्रवाई में कुछ हुआ यूं कि कई पात्रता वाले भी सूची से बाहर कर दिए गए. अब वे योजना के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाते हैं. पेंशन योजना में भी कुछ ऐसा की मामला सामने आया है पूर्वी रिंग रोड मूसाखेड़ी पार वार्ड क्रमांक 54 से, जहां वार्ड के इदरीस नगर में कई लोग ऐसे हैं, जिनको पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल सका. ऐसे भी हैं जिनकी पेंशन अचानक बंद कर दी गई. ऐसा ही लाड़ली बहना योजना में हो रहा है. बताया जाता है कि हितग्राही को अपनी केवाईसी करवाने के बावजूद झोन और बैंकों के चक्कर काटना पड़ रहे हैं, कुछ ने तो हार मानकर योजना से ही मुंह फेर लिया है.

### यह बोले हितग्राही...



65 वर्ष की आयु हो चुकी है. झोन वाले घर आने का बोले थे, लेकिन अभी तक नहीं आए और न ही पेंशन शुरू की गई. इन पैसों से दवा का खर्च निकल सकता है.

**- प्रेम बाई साहू**

यहां 22 वर्ष से रह रहे हैं, बहुत पहले फॉर्म भरा था, लेकिन पेंशन नहीं मिली. चक्कर भी लगाए, जांच करने पर भी योजना का लाभ नहीं मिला, बाद में दोबारा फॉर्म नहीं भरा.

**- हीरा बाई**





भोपाल से ही समग्र आईडी डिलिट कर लाड़ली बहना से अचानक मेरा नाम काटकर सहयोग बंद कर दिया, जबकि यहां पर केवाईसी करवा चुकी थी, अभी पांच महीनों से पैसे नहीं मिल रहे हैं.

**- सुमन बाई**

# 24 घंटे में 13 सड़क दुर्घटनाएं, एक महिला की मौत

**इंदौर.** शहर और आसपास के थाना क्षेत्रों में तेज रफ्तार और लापरवाह वाहन चालकों के कारण सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है. बीते 24 घंटों के भीतर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 13 वाहन दुर्घटनाएं सामने आईं. इनमें एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि महिलाओं-बच्चों सहित लगभग दर्जन भर लोग घायल हुए हैं. सभी मामलों में संबंधित थानों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है.

पुलिस के अनुसार, तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में सिल्वर स्प्रिंग फेस-1 सर्विस रोड पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार संजय धीमान घायल हो गए. इसी तरह राऊ थाना क्षेत्र में रंगवासा फाटा और नेहरू नगर कट पाइंट के पास दो अलग-अलग हादसों में स्कूटी और बाइक सवार घायल हुए, जिनमें महिलाओं को भी चोटें आईं. एरोड्रम थाना क्षेत्र में संगम नगर के पास तेज रफ्तार बुलेट की टक्कर से नाबालिग घायल हुआ, जबकि एमआईजी क्षेत्र में स्कूटी और पैदल राहगीर को कार व बाइक ने टक्कर मार दी.